# कार्यशाला आयोजित



**बीकानेर @ पत्रिका.** कृषि अनुसंधान केन्द्र स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में मंगलवार को कृषि रबी क्षेत्रीय अनुसंधान एवं विस्तार सलाहकार समिति (जर्क) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अतिरिक्त निदेशक (कृषि विस्तार) डॉ. सुरेन्द्र सिंह शेखावत, क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक डॉ. एस आर यादव, परियोजना निदेशक सि.क्षे.वि. सत्यनारायण, प्रधान वैज्ञानिक कृषि डॉ. दाता राम, अनुसंधान निदेशक डॉ. पी एस शेखावत व अध्यक्ष काजरी नवरत्न पंवार की अध्यक्षता में हुआ। जर्क कार्यशाला में खण्ड बीकानेर के बीकानेर, चूरू, जैसलमेर के कृषि, उधानिकी, आत्मा के अधिकारी व विश्वविद्यालय तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक गणों ने भाग लिया। अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार डॉ सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि कृषि अनुसंधान एवं विस्तार के परस्पर बेहतर समन्वय से ही किसानों को नव कृषि तकनीक मिलेगी तथा नवाचारी तकनीकी से कृषि एवं किसान का विकास होगा एवं निश्चित रूप से किसान की आय बढ़ेगी।

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय

# डीन, असिस्टेंट प्रोफेसर आदि के पदों पर आवेदन आमंत्रित

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय ने विभिन्न विषयों पर प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, डीन, डायरेक्टर आदि के कुल 32 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवार आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी आधिकारिक पते पर 18 अक्टूबर तक भेज सकते हैं। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट raubikaner.org से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता जानने के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन देखें।



## 8 अक्टूबर अंतिम तिथि

योग्य उम्मीदवार 8 अक्टूबर रात 11:59 बजे तक आवेदन पत्र और स्कोर कार्ड आधिकारिक वेबसाइट raubikaner.org जमा कर सकते हैं।

# कृषि अनुसंधान एवं विस्तार के परस्पर बेहतर समन्वय से होगा विकास : डॉ. सिंह

सिटी रिपोर्टर | बीकानेर

कृषि अनुसंधान केन्द्र, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर में मंगलवार को कृषि रबी क्षेत्रीय अनुसंधान एवं विस्तार सलाहकार समिति (जर्क) कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार डॉ सुरेन्द्र सिंह शेखावत, डॉ. एसआर यादव, सत्यनारायण, डॉ. दाता राम, डॉ. पीएस शेखावत व नवरत्न पंवार की अध्यक्षता में हुआ। जर्क कार्यशाला में खण्ड बीकानेर के बीकानेर, चुरू, जैसलमेर के कृषि, उधानिकी, आत्मा के वरिष्ठ अधिकारी गण व विश्वविद्यालय तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक गणों ने भाग लिया। अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार डॉ सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि कृषि अनुसंधान एवं विस्तार के परस्पर बेहतर समन्वय से ही किसानों को नव कृषि तकनीक मिलेगी तथा नवाचारी तकनीकी से कृषि एवं किसान का विकास होगा एवं निश्चित रूप से किसान की आय बढ़ेगी। क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक डॉ. एसआर यादव ने भूमि पोषकता पर विस्तार से बताया। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ दाताराम ने विभिन्न कृषि व उद्यानिकी फसलों की पैकेज ऑफ प्रेक्टिसेज पर विस्तार से चर्चा की। इस परिचर्चा में कृषि वैज्ञानिक प्रो. अमर सिंह गोदारा, डॉ केशव मेहरा, डॉ शीशराम, डॉ हनुमान देशवाल, डॉ. पीसी गुप्ता, डॉ. बीडी एस नाथावत व कैलाश चौधरी इत्यादि ने भाग लिया।



कार्यशाला में मौजूद पदाधिकारी व अन्य।